सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 05 | इंदौर, गुरुवार 17 जुलाई, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Bangladesh: अब सत्यजीत रे के पैतृक घर को नहीं गिराएगी बांग्लादेश सरकार, पुनर्निर्माण के लिए समिति गठित
2. Bihar: चुनाव से पहले नीतीश सरकार की बिहार के लोगों को बड़ी सौगात, 1 अगस्त से 125 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिलेगी
3. Maharashtra : नासिक में कार-बाईक में हुई भीषण टक्कर; सात लोगों की मौत
4. US vs Russia: रूस पर ट्रंप ने लगाया टैरिफ तो भारत पर क्या और कितना होगा असर, कौन से क्षेत्रों पर पड़ेगी मार?
5. Seat ka Samikaran: मुख्यमंत्री-विधानसभा अध्यक्ष रहे हैं धमदाहा से जीते चेहरे, अब यहां लेशी सिंह का दबदबा
6. Air India Crash: 'पारदर्शी जांच से पहले दोष मढ़ना गैर-जिम्मेदाराना', एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट से FIP चिंतित

# 8वीं बार इंदौर का नंबर-1 बनना तय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इंदौर का आज एक बार फिर से नंबर 1 बनना लगभग तय हो गया है। गुरुवार को स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के नतीजे दिल्ली में घोषित किए जाएंगे। इंदौर देश में 7 साल से लगातार स्वच्छ शहर चुना जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इंदौर शहर को सम्मानित करेंगी। अंकों के मामले में इंदौर का इस बार भी पहले नंबर पर आना लगभग तय है। इंदौर को इस सर्वेक्षण में सुपर लीग में शामिल किया गया है। सुपर लीग में सिर्फ उन्हीं 23 शहरों को शामिल किया गया है, जो अब तक हुए सर्वेक्षणों में पहले, दूसरे या तीसरे स्थान पर रहे हैं।



### अन्य शहरों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाएगा इंदौर

इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इजराइल से वीडियो संदेश में कहा है कि आप सभी को बहुत बधाई व शुभकामनाएं। इस बार जो परिणाम आ रहे है उसमें इंदौर फिर सिरमोर है। इस बार भारत सरकार ने इंदौर और इंदौर जैसे शहरों को अलग लीग में रखा था और उसके अलावा के शहरों की रैंकिंग की थी। इस लीग में हम देश के अन्य शहरों से पहले भी सबसे ऊपर थे। इस लीग में आकर भी इंदौर का परिणाम सिरमौर का है।

देशभर के शहरों के लिए स्वच्छता का मॉडल बन चुका इंदौर नंबर 1 की प्रतियोगिता से बहुत आगे निकल चुका है। अब इंदौर मार्गदर्शक की भूमिका में है और अन्य शहरों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाएगा। सुपर लीग में शामिल 23 शहरों में भी इंदौर के अंक सबसे ज्यादा हैं। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निगमायुक्त शिवम वर्मा की अगुवाई में नगर निगम की टीम दिल्ली पहुंच चुकी है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव इजराइल से सीधे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे।

### 2017 से इंदौर पहले नंबर पर आ रहा

स्वच्छ सर्वेक्षण में वर्ष 2017 से इंदौर पहले नंबर पर आ रहा है। इंदौर को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कह चुके हैं कि दूसरे शहर जब कुछ करने का सोचते हैं, तब तक इंदौर वह काम कर चुका होता है। यह बात स्वच्छता को लेकर भी सही साबित हुई है। इंदौर के जनभागीदारी मॉडल की देशभर में तारीफ होती है। नवाचारों की सीरीज, आपसी समन्वय और कुछ नया करने का जज्बा हमें दूसरे शहरों से आगे रखता है। आज जब दूसरे शहर पहले, दूसरे और तीसरे स्थान के लिए जिद्दोजहद में लगे हैं। इंदौर लगातार सात वर्ष अव्वल रहकर खास पायदान पर पहुंच चुका है।

### बड़ी स्क्रीन पर होगा कार्यक्रम का प्रसारण

सुपर लीग में शामिल शहरों को सिर्फ अपने आपको ही स्वच्छ नहीं रखना है बल्कि उस शहर की सफाई व्यवस्था को भी पटरी पर लाना है, जिसकी जिम्मेदारी उन्हें 17 जुलाई को सौंपी जाएगी। स्वच्छ सर्वेक्षण के परिणाम घोषित होने के कार्यक्रम के साक्षी शहरवासी भी बन सकें, इसके लिए निगम मुख्यालय पर बड़ी स्क्रीन पर कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की व्यवस्था की गई है।

### भोपाल, देवास, शाहगंज को प्रेसिडेंशियल अवार्ड

प्रेसिडेंशियल अवार्ड की सबसे अहम कैटेगरी में मप्र की राजधानी भोपाल को अवार्ड मिलना तय हो गया है। इसी तरह देवास नगर निगम को भी प्रेसिडेंशियल अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा और शाहगंज को भी अवार्ड के लिए चिह्नित किया गया है। इन सभी शहरों को उनकी संबंधित कैटेगरी में यह अवार्ड दिया जाएगा। रैंकिंग क्या होगी, इसका अभी खुलासा नहीं है, लेकिन यह रैंकिंग नंबर 1 से लेकर 3 के बीच होगी। इसी तरह स्पेशल कैटेगरी के मिनिस्ट्रियल अवार्ड में जबलपुर को चुना गया है और स्टेट लेवल पर मिनिस्ट्रियल अवार्ड के लिए ग्वालियर नगर निगम को चुना गया है। इनकी भी रैंकिंग तय नहीं है, जो नंबर 1 से लेकर नंबर 3 के बीच हो सकती है।

# स्पेनिश फिल्म कमीशन के अध्यक्ष से मोहन यादव की मुलाकात, पर्यटन-मनोरंजन उद्योग के बढ़ावे पर चर्चा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बुधवार को स्पेनिश फिल्म कमीशन के अध्यक्ष जुआन मैनुअल गुइमेरांस से मुलाकात की। इस दौरान गुइमेरांस ने मध्यप्रदेश को एक संतुलित और संभावनाओं से भरपूर पर्यटन गंतव्य बताया और राज्य की खूबियों की सराहना की।**




गुइमेरांस ने हाल ही में राज्य के प्रतिनिधियों के साथ हुई अपनी बैठक को शानदार और लाभदायक बताया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में स्पेनिश दर्शकों के लिए असीम संभावनाएं हैं और दोनों पक्ष फिल्मों को उद्योग और पर्यटन के प्रमुख माध्यम के रूप में बढ़ावा देने के साझा लक्ष्य पर सहमत हैं। गुइमेरांस ने कहा कि यह एक शानदार बैठक थी। मुख्यमंत्री स्वयं एक बेहद रोचक व्यक्ति हैं और साथ ही वह एक ऐसे राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं जो अभी स्पेनिश लोगों के लिए ज्यादा जाना-पहचाना नहीं है। मेरे लिए यह जानना बहुत रोचक रहा कि मध्यप्रदेश पर्यटन और फिल्म उद्योग के क्षेत्र में क्या-क्या प्रस्तुत करता है। यह एक लाभकारी मुलाकात रही। उन्होंने कहा कि स्पेनिश फिल्म कमीशन का मुख्य उद्देश्य फिल्म को एक उद्योग और पर्यटन को बढ़ाने वाले माध्यम के रूप में प्रोत्साहित करना है। यही इस एमओयू (समझौता ज्ञापन) का भी मूल उद्देश्य है। हम मुख्य रूप से दो क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। पहला, मध्यप्रदेश और स्पेन के बीच फिल्मी संबंधों को मजबूत करना और दूसरा, दोनों देशों में फिल्मों की शूटिंग के ज़रिए पर्यटन को बढ़ावा देना। गुइमेरांस ने अंत में कहा कि मध्यप्रदेश एक बहुत संतुलित पर्यटन गंतव्य है, जहां प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक विरासत और फिल्म निर्माण की अपार संभावनाएं हैं।

आयकर विभाग की टीम ने इंदौर सहित देशभर में कार्रवाई की

# सीए ने राजनीतिक पार्टी को 2 करोड़ का चंदा दिलाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। आयकर विभाग की टीम ने सोमवार-मंगलवार को देशभर में कार्रवाई की। इंदौर में यह कार्रवाई सीए शुभम लड्ढा और एक कर सलाहकार प्रकाश जैन के घर व ऑफिस पर की गई। सूत्रों के अनुसार इस कार्रवाई के दौरान पता चला है कि सीए और कर सलाहकारों ने रिपब्लिकन बहुजन समाज पार्टी को डेढ़ से दो करोड़ का चंदा दिलवाया है।**



मप्र निर्वाचन आयोग के अनुसार मप्र में 106 राजनीति दल सक्रिय हैं। इनमें 5 राष्ट्रीय पार्टी हैं। छह राज्यस्तरीय दल हैं। वहीं, पंजीकृत लेकिन गैर मान्यता प्राप्त दलों की संख्या 95 है। इसमें इंदौर में रिपब्लिकन बहुजन पार्टी का नाम सामने आया है, जिसे सीए शुभम लड्ढा ने तकरीबन 70 लोगों से चंदा दिलवाया है। ये चंदा 1 से 5 लाख के बीच है। हालांकि, शुभम ने दो-तीन साल पहले ही काम शुरू किया है। बताया जा रहा है कि इसका बड़ा खिलाड़ी प्रकाश जैन है, जिसका ऑफिस 60 फीट रोड छोटा बांगड़दा पर है। वह काफी लम्बे समय से काम कर रहा है। सूत्रों की मानें तो यहां भी शुरूआती दौर में संदिग्ध दान के 50 से अधिक मामले मिले हैं। कार्रवाई के दौरान आम भारतीय पार्टी, स्वर्णिम भारत, भारतीय क्रांति संघ, राष्ट्र वाहिनी पार्टी, इंपीरियल पार्टी ऑफ इंडिया, एकता निर्माण नेशनल पार्टी और मालवा कांग्रेस का नाम सामने आया है। आईटी के जरिए फर्जी रिफंड मामले में की गई छापामार कार्रवाई में इंदौर के सीए शुभम लड्ढा के यहां जांच हुई है। इसमें उनके सहयोगी निखिल मंत्री और अन्य से भी पूछताछ हुई। वहीं, एरोड्रम एरिया में रहने वाले कर सलाहकार प्रकाश जैन के यहां भी टीम पहुंची थी और जांच की गई। रतलाम में कर सलाहकार सुरेश गुप्ता के भी यहां जांच हुई है। उज्जैन में एजेंट सत्येंद्र टूटेजा और संजय चौधरी के यहां भी कार्रवाई हुई।

आयकर जांच में आया है कि सीए, कर सलाहकार और मध्यस्थों के गठबंधन ने फर्जी रसीद, राजनीतिक चंदे, मेडिकल के फर्जी बिल, ट्यूशन फीस आदि की रसीदें बताकर करदाता को टैक्स रिफंड दिलवाया। साथ ही इसके बदले में जमकर कमीशनखोरी की है। लड्ढा के ठिकानों पर जांच में करीब चार से पांच करोड़ की फर्जी इनकमटैक्स छूट, रिफंड का मामला सामने आया है। उनके जरिए कई बड़े वेतन वाले कर्मचारियों के रिटर्न भरे जा रहे थे। रतलाम के सुरेश गुप्ता के यहां भी कैश, ज्वैलरी मिली है।

आयकर विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, इस तरह की गतिविधियों में 1,045 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी का खुलासा देशभर में हुआ है। ऐसे में इन गतिविधियों को रोकने और टैक्स चोरी कराने वालों पर कार्रवाई के लिए देशभर में अभियान शुरू किया गया है। बताया जाता है कि जल्दी ही एमपी और छत्तीसगढ़ के कुछ और प्रैक्टिशनर्स, एजेंट्स, सीए के यहां सर्च और सर्वे की कार्रवाई आयकर विभाग करने वाला है। इसी कड़ी में सोमवार और मंगलवार को एमपी के जबलपुर, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, रीवा और छत्तीसगढ़ में मनेंद्रगढ़, चिरमिरी समेत एक अन्य जिले में 13 ठिकानों पर आयकर विभाग के अफसरों ने सर्च और सर्वे की कार्रवाई की है।

# इंदौर-खंडवा रेल परियोजना को मिली हरी झंडी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर-खंडवा रेल परियोजना को लेकर एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। इस महत्वपूर्ण रेल लाइन के लिए वन विभाग ने अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) जारी कर दिया है, जिससे परियोजना की सबसे बड़ी बाधा दूर हो गई है। अब इस रेल मार्ग के निर्माण को तेजी से आगे बढ़ाया जा सकेगा। यह रेल लाइन उत्तर भारत को दक्षिण भारत से जोड़ने वाला सबसे छोटा और सीधा मार्ग होगी, जो न केवल इंदौर के व्यापारिक और औद्योगिक विकास को नई गति देगी, बल्कि यात्रियों के लिए समय और दूरी की बचत भी करेगी।

यह परियोजना मालवांचल के लिए एक नया युग शुरू करने वाली है, जो क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को गति देगी। सांसद शंकर लालवानी ने इस परियोजना में आ रही अड़चनों को दूर करने के लिए लगातार प्रयास किए। उन्होंने रेलवे अधिकारियों और वन विभाग के बीच संयुक्त बैठक करवाई, जिससे तकनीकी और प्रशासनिक प्रक्रियाएं सरल हुईं। हाल ही में सांसद लालवानी



ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर इस परियोजना की प्राथमिकता पर जोर दिया और वन विभाग से अनुमति दिलवाने का अनुरोध किया। उनके इन प्रयासों के परिणामस्वरूप परियोजना को गति मिली है। इंदौर-खंडवा रेल लाइन के पूरा होने के बाद इंदौर का सीधा संपर्क खंडवा, भुसावल, नासिक और मुंबई के साथ-साथ तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल जैसे दक्षिण भारतीय राज्यों से हो जाएगा। यह रेल कॉरिडोर मालवांचल के व्यापारियों, किसानों और यात्रियों के लिए तेज, किफायती और सुविधाजनक यात्रा का विकल्प प्रदान करेगा। सांसद लालवानी ने बताया कि यह रेल मार्ग मालवांचल और दक्षिण भारत के बीच बेहतर कनेक्टिविटी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

# सेवानिवृत्ति के सातवें दिन पेंशन पेमेंट आदेश जारी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शासकीय सांदीपनि अहिल्याश्रम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक- 2 से 30 जून 2025 को सेवानिवृत्त हुई शिक्षिका श्रीमती ज्योति मालवीय को सेवानिवृत्ति के सातवें दिन संभागीय पेंशन कार्यालय ने पेंशन अदायगी आदेश (पीपीओ) जारी कर दिया। विद्यालय के प्राचार्य दीपक हलवे ने बताया कि श्रीमती मालवीय को उनके स्वत्वों क्रमशः जीपीएफ, बीमा, अर्जित अवकाश नगदीकरण सहित समस्त स्वत्वों का भुगतान उनके बैंक खाते में रिकार्ड अवधि में विद्यालय द्वारा जमा करवाया जा चुका है। विद्यालय से विगत एक वर्ष में सेवानिवृत्त शशिभूषण शुक्ला, विजय शर्मा, श्रीमती मीना जैन, गंगाप्रसाद प्रजापति के समस्त स्वत्वों का भुगतान समय पर किया जाकर संकुल स्तर पर एक भी पेंशन प्रकरण लंबित नहीं है। इस त्वरित कार्य को सुनियोजित तरीके से सम्पन्न करने में विद्यालय के धीरेन्द्र शुक्ला, अखिलेश जोशी एवं सुश्री स्वाति शर्मा की भूमिका सराहनीय रही।

## जिला न्यायालय इंदौर में आधार कैंप आयोजित

### 70 से अधिक पंजीयन पूर्ण

**इंदौर।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय श्रीवास्तव तथा कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशानुसार जिला एवं सत्र न्यायालय एवं तहसील न्यायालयों में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों की सुविधा हेतु दो दिवसीय आधार पंजीयन कैंप का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी द्वारा 15 एवं 16 जुलाई 2025 को जिला न्यायालय इंदौर (नई बिल्डिंग कॉन्फ्रेंस हॉल) में आयोजित किया गया। कैंप में आधार सुपरवाइजर श्रीमती सपना मावर एवं श्री नितिन द्वारा अधिकारियों व कर्मचारियों के 70 से अधिक आधार पंजीयन किए गए।

# छात्रावास व आश्रमों में फूड पॉइजनिंग रोकने के लिए बनेंगे संयुक्त दल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर संभागायुक्त दीपक सिंह की अध्यक्षता में खाद्य पदार्थों में मिलावट को लेकर संभागायुक्त कार्यालय में बुधवार को समीक्षा बैठक हुई। बैठक में संभागायुक्त ने खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम के लिए की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जो खाद्य प्रतिष्ठान विशेषकर खाद्य पदार्थों का निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय करने वाले खुले में खाद्य पदार्थों की बिक्री करें, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।



संभागायुक्त ने बैठक में कहा कि ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ अर्थदंड की कार्रवाई के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाए। उनकी शत-प्रतिशत वसूली भी की जाए। साथ ही बरसात के दौरान फल, फ्रूट, ढाबों, रेस्टोरेंट, ठेलों आदि का सतत निरीक्षण कर लीगल/सर्विलांस नमूनों का संग्रहण किया जाए। उन्होंने कहा कि आने वाले महीनों में कई पर्व, उत्सव और त्यौहार है, ऐसे अवसरों पर बड़ी संख्या में दूध, बेसन, मावा, तेल आदि से बने खाद्य पदार्थों का निर्माण, संग्रहण और विक्रय होता है। इस त्यौहारी सीजन में नकली मावा और मिलावटी खाद्य पदार्थों के कई प्रकरण देखने को मिलते है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी बाजारों में जाकर खाद्य पदार्थों के नमूने ले और चलित खाद्य प्रयोगशाला में जांच करायें। यदि वे अमानक या मिलावटी पाये जाते है, तो ऐसे निर्माता प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए। संभागायुक्त सिंह ने सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और खाद्य सुरक्षा अधिकारियों से कहा कि फूड पॉयजनिंग के मामले छात्रावासों और आश्रमों में न आएं। इसके लिए जरूरी है कि जनजाति कार्य विभाग से सूची बनाकर विशेष रूप से इनकी निगरानी करें। इस कार्य को सभी अधिकारी गंभीरता से लें और मिशन मोड़ में कार्य करें और आवश्यकता होने पर कार्यवाही भी सुनिश्चित करें। बैठक में बताया गया कि ईट राइट की गतिविधि के अंतर्गत इंदौर जिले में 09 कैंपस, दो क्लीन स्ट्रीट फूड हब, दो ईट राईट स्टेशन, 5 ईट राईट स्कूल एवं दो मंदिरों का भोग सर्टिफिकेशन करवाया गया। विभिन्न शिक्षण संस्थानों में संचालित मेस पर लगातार निरीक्षण एवं नमूना कार्रवाई की जा रही है। विभिन्न स्ट्रीट फूड वेंडर को फास्टट्रैक प्रशिक्षण के माध्यम से जागरूक करने के साथ-साथ संबंधित प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण एवं नमूना कार्रवाई की जा रही है।

# IIT इंदौर ने बनाया सीमेंट के बिना बनने वाला कांक्रीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। आईआईटी इंदौर ने पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले सीमेंट की जगह एक नया विकल्प खोज निकाला है। यहां के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अभिषेक राजपूत और उनकी रिसर्च टीम ने ऐसा कांक्रीट तैयार किया है जिसमें सीमेंट का बिल्कुल भी उपयोग नहीं हुआ है।**



संस्थान का दावा है कि यह कांक्रीट इतनी मजबूती वाला है कि इससे मकान और बहुमंजिला इमारतें बिना किसी चिंता के बनाई जा सकती हैं। डॉ. अभिषेक राजपूत के मुताबिक, इस खास तरह के कांक्रीट को जियोपॉलिमर तकनीक से तैयार किया गया है। इस तकनीक में पारंपरिक सीमेंट की जगह फ्लाई ऐश और ग्राउंड ग्रेन्युलेटेड ब्लास्ट फर्नेस स्लैग (GGBS) जैसे औद्योगिक अपशिष्ट पदार्थों का उपयोग किया जाता है। इससे सीमेंट की जरूरत पूरी तरह खत्म हो जाती है।आईआईटी इंदौर का दावा है कि यह कांक्रीट पारंपरिक कांक्रीट की तुलना में ज्यादा मजबूत और ज्यादा टिकाऊ है। इससे बनी इमारतें उतनी ही मजबूत होंगी, जितनी सामान्य सीमेंट से बनी होती हैं। यही नहीं, इसका निर्माण करते समय पानी की भी बहुत कम जरूरत होती है, जिससे पानी की बचत होती है।

परंपरागत सीमेंट का निर्माण पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचाता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सीमेंट इंडस्ट्री दुनिया में कार्बन डाईऑक्साइड (CO) के कुल उत्सर्जन में लगभग 8% योगदान देती है। हर साल सीमेंट से करीब 2.5 अरब टन CO वायुमंडल में छोड़ी जाती है। लेकिन आईआईटी इंदौर की इस नई तकनीक से कार्बन उत्सर्जन में भारी कमी लाई जा सकेगी। आईआईटी इंदौर की यह पहल देश में सीमेंट मुक्त निर्माण की दिशा में पहला बड़ा कदम मानी जा रही है। संस्थान का मानना है कि आने वाले समय में इस तकनीक को बड़े पैमाने पर अपनाया जा सकता है। यह खोज 'ग्रीन कंस्ट्रक्शन' यानी हरित निर्माण की दिशा में भारत को नई राह दिखाएगी।

## 75 में से 47 स्टूडेंट ने सुप्रीम कोर्ट की शरण ली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। नीट यूजी की परीक्षा के मामले में स्टूडेंट ने सुप्रीम कोर्ट की शरण ली है। इस मामले में बुधवार सुबह 4 बजे ऑनलाइन याचिका दाखिल की गई। एडवोकेट मृदुल भटनागर ने बताया कि हमने आज ही अर्जेंट सुनवाई के लिए मेंशन मांगा था लेकिन सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार ने इस मामले में अगले सप्ताह सुनवाई तय की है।

भटनागर ने बताया कि 75 में से 47 स्टूडेंट ने सुप्रीम कोर्ट की शरण ली है। बाकी स्टूडेंट के सुप्रीम कोर्ट नहीं जाने के अलग-अलग कारण हो सकते हैं। भटनागर ने आगे कहा कि यदि इस मामले की नियमित



सुनवाई होगी तो याचिकाकर्ता स्टूडेंट की अलग से काउंसलिंग की जाएगी। बता दें कि एक दिन पहले ही हाईकोर्ट ने नीट यूजी में शामिल हुए याचिकाकर्ता 75 स्टूडेंट की दोबारा परीक्षा कराने की याचिकाएं खारिज कर दी थीं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने इसी दिन सभी स्टूडेंट का रिजल्ट भी ईमेल पर भेज दिया था।

## भाजपा नेता की नाबालिग रिश्तेदार ICU में भर्ती

### 4 दिन से लापता को परिजनों को सौंपा था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। बाणगंगा थाना क्षेत्र में भाजपा नेता जगदीश करोतिया की रिश्तेदार 16 वर्षीय नाबालिग लड़की की तबीयत अचानक बिगड़ने पर उसे गीताभवन स्थित सुयश अस्पताल के ICU में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, लड़की बीते दिनों चार दिन तक लापता रही थी और वापस लौटने के बाद उसे जबरन परिजनों के साथ भेजा गया, जिसके कुछ ही घंटों बाद उसकी हालत बिगड़ गई।

बाणगंगा पुलिस के अनुसार, 10 जुलाई को लड़की घर से लापता हो गई थी। परिवार ने थाने में सूचना दी थी और बताया कि उसके साथ लाखों रुपए नकद और ज्वेलरी भी गायब है। पुलिस ने जांच की तो CCTV फुटेज में लड़की अरबिंदो हॉस्पिटल के पास ई-रिक्शा में जाती हुई दिखी, इसके बाद वह उज्जैन रोड होते हुए उज्जैन गई और फिर वहां से ग्वालियर पहुंची। चार दिन बाद लड़की खुद थाने पहुंची और बताया कि वह घर में मारपीट और तनाव के चलते वहां नहीं रहना चाहती थी। पुलिस ने उसकी काउंसलिंग कराई। परिजनों ने आश्वासन दिया कि वे उसे प्यार से रखेंगे। 15 जुलाई की शाम परिजन लड़की को घर ले गए। मोहल्ले में उसका स्वागत फूलों और आरती के साथ किया गया। लेकिन देर रात अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद परिजन उसे सुयश अस्पताल लेकर पहुंचे। फिलहाल वह ICU में भर्ती है और उसका इलाज जारी है। थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर ने बताया कि लड़की का पहले बयान दर्ज कर कोर्ट में प्रस्तुत किए गए थे, जिसके बाद उसे परिजनों के सुपुर्द किया गया था। उन्होंने कहा कि लड़की की तबीयत क्यों बिगड़ी, इसकी जानकारी स्पष्ट नहीं है और जहर खाने जैसी कोई बात सामने नहीं आई है। अस्पताल प्रशासन ने भी भर्ती होने का कारण बताने से इनकार कर दिया। जिस भाजपा नेता जगदीश करोतिया की यह रिश्तेदार है, वह ट्रिपल डागरे हत्याकांड में आरोपी रह चुका है। इस मामले में उनके बेटे, ड्राइवर और नौकर को भी आरोपी बनाया गया था। कुछ दिन पहले सुप्रीम कोर्ट से बेटे को जमानत मिली थी, जबकि खुद करोतिया को 9 जुलाई को हाईकोर्ट से जमानत मिली है।

# स्वच्छता रैंकिंग में इंदौर को देश के दूसरे शहर पीछे नहीं कर पाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर स्वच्छता के मामले में टॉप है। एक-दो बार नहीं, बल्कि सात बार से लगातार स्वच्छता रैंकिंग में इंदौर को देश के दूसरे शहर पीछे नहीं कर पाए । रैंकिंग में प्रतिस्पर्धा का माहौल बना रहे, इसलिए आखिरकार शहरी विकास मंत्रालय को अलग क्लब बनाना पड़ा। उसमें उन शहरों को रखा गया, जो तीन साल से रैंकिंग में टॉप थी में है। इस लीग में शामिल 14 शहरों की नंबरों के आधार पर रैंकिंग दी जाएगी, या सिर्फ स्वच्छता लीग पुरस्कार दिया जाएगा। इसका खुलासा 17 जुलाई को होने विज्ञान भवन में होने वाले कार्यक्रम में ही पता चलेगा।**

प्रीमियर लीग के शहरों का आंकलन भी 12500 नंबरों के आधार पर ही होगा। लीग में शामिल जो शहर 85 प्रतिशत अंक नहीं ला पाते है तो वे फिर प्रीमियर क्लब से बाहर हो जाएंगे।



केंद्रीय शहरी व आवास मंत्रालय ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के लिए पहली बार यह लीग बनाई। पहले प्राप्त अंकों के आधार पर रैंकिंग घोषित हो जाती थी। लीग में शामिल शहरों को विशेष पुरस्कार दिए जाएंगे। इन लीग में वे शहर शामिल है, जिन्हें स्वच्छता के मामले में दूसरे शहर रोड मॉडल के रुप में देखते है। केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा था कि सात साल से इंदौर लगातार स्वच्छता रैंकिंग में पहले स्थान पर आ रहा है। इससे दूसरे लोगों को तकलीफ होने लगी थी। वे कहते थे कि हर साल इंदौर को ही नंबर वन आना है तो फिर हमें काम क्यों करना। इंदौर के साथ 14 शहर स्वच्छता लीग में शामिल है। इनमें सूरत, नवी मुंबई, चंडीगढ़, नोएडा, तिरुपति, अंबिकापुर, नई दिल्ली,सासवड़, पाटन, नोएडा, उज्जैन, पंचगनी, वीटा, बुदनी जैसे शहर शामिल हैं। ये सभी शहर बीते तीन वर्षों में टॉप थ्री रैंकिंग में रहे।

# सड़क पर घायल मिले मजदूर की मौत, मारपीट की आशंका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। मूसाखेड़ी पेट्रोल पंप के पास मंगलवार को घायल अवस्था में मिले मजदूर उमेंद्र सिंह ठाकुर की एमवाय अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। उसके हाथ-पैर और पीठ पर चोट के निशान थे। मामले में पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस को पता चला था कि कुछ लोगों ने उमेंद्र के साथ मारपीट की है।

पोस्टमार्टम के बाद परिजन उमेंद्र का शव लेकर थाने पहुंचे और हत्या करने वालो पर कारवाई को लेकर नारेबाजी की। उमेंद्र आजाद नगर के शिवदर्शन नगर में रहते थे। उनके भतीजे विश्वनाथ ने बताया कि काका बेलदारी का काम करते थे। वह हर दिन काम से निकल जाते थे। वे मंगलवार को एक चाय की दुकान के पास घायल पड़े मिले थे। उनके साथ मारपीट की बात सामने आई है। पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे, तब पता चला कि उमेंद्र के साथ मारपीट हुई है। एक चौकीदार और उसके साथियों को हिरासत में लिया है। उमेंद्र के परिवार में उसकी बुजुर्ग मां है। उसके दो भाई और पिता की मौत हो चुकी है। वहीं चार बहनों की शादी हो चुकी है। आजाद नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक लोगो ने चोरी की शंका को लेकर उमेंद्र से मारपीट की थी। इसे लेकर आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। इधर हत्यारो पर कारवाई को लेकर उमेंद के परिजन आजाद नगर थाने पहुंचे। उनहोने यहां पर शव रखकर प्रदर्शन किया। आजाद नगर पुलिस उन्हें समझाने का प्रयास करती रही। लेकिन वह नही माने। इधर पुलिस ने सभी को थाने से बाहर किया ओर शव अपने कब्जे में ले लिया। परिजन बाहर खड़े होकर नारेबाजी करते रहे।

## 17 वर्षीय छात्र की मौत का खुलासा परिजनों ने किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। गांधी नगर इलाके में दो दिन पहले हुए सड़क हादसे में 17 वर्षीय छात्र भविष्य यादव की मौत हो गई थी, जबकि उसकी छोटी बहन भूमिका गंभीर रूप से घायल हो गई थी। हादसा सोमवार को गायत्री मंदिर के पास हुआ था, जब एक वैन ने दोनों को लापरवाही से टक्कर मार दी। हादसे के बाद से पुलिस वैन और उसके ड्राइवर की तलाश कर रही थी। बुधवार को मृतक के परिजन भाटिया अस्पताल पहुंचे और वहां का सीसीटीवी फुटेज निकाला। इसमें न सिर्फ टक्कर मारने वाली वैन का नंबर (MP09BD9577) दिखा, बल्कि ड्राइवर की भी स्पष्ट तस्वीर नजर आई। परिजनों के अनुसार, यही ड्राइवर हादसे के बाद दोनों को वैन में डालकर अस्पताल लाया था, लेकिन उन्हें छोड़ते ही वहां से भाग गया। इससे पहले, सोमवार को घटनास्थल का सीसीटीवी फुटेज सामने आया था, लेकिन उसमें वाहन और ड्राइवर की पहचान नहीं हो सकी थी। परिवार अब यह नया सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंपने की तैयारी में है, ताकि आरोपी ड्राइवर की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया जा सके। परिजनों का कहना है कि पुलिस की धीमी कार्रवाई से वे दुखी हैं और अब खुद सबूत इकट्ठा कर रहे हैं।

# फैमिली कोर्ट में राजा और सोनम के केस का उदाहरण दे रहे हैं पति

## 'तलाक करा दो वरना ना हो जाए राजा जैसा हाल'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। इंदौर के राजा रघुवंशी की हत्या और पत्नी सोनम रघुवंशी पर लगे आरोप का असर पारिवारिक विवादों पर भी पड़ता दिखाई दे रहा है। कुटुंब न्यायालय में ऐसे कई मामले आए हैं जिसमें पतियों ने इस मामले का जिक्र किया है।**

पतियों ने पत्नी पर एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर का आरोप लगाते हुए गुहार लगाई है कि उन्हें पत्नी से तलाक दिलवाया जाए। कहीं उनका हाल भी राजा रघुवंशी की तरह न हो जाए। बीते एक माह में ऐसे पांच मामले सामने आए हैं, जिसमें पति ने इस प्रकरण का जिक्र किया है। कई मामले तो सहमति से संबंध विच्छेद के भी आए हैं, जिसमें पति या पत्नी के विवाहेतर संबंध ही प्रमुख कारण हैं। कुटुंब न्यायालय की काउंसलर का मानना है कि अभी दंपती के बीच काउंसलिंग के दौरान कई मामलों में पतियों का कहना है कि उन्हें राजा रघुवंशी की तरह अपना हाल नहीं करना है, अगर पत्नी रहना नहीं चाहती है तो वे अलग होने के लिए तैयार हैं। इन मामलों में दोनों पक्षों से बातचीत की जा रही है। निजी क्षेत्र में नौकरी करने वाले दंपती की शादी के पांच साल बाद ही पति ने तलाक मांगा है। काउंसलिंग के दौरान पति ने कहा कि पत्नी फोन पर किसी से घंटों बात करती रहती है। उसका घर-परिवार पर बिल्कुल ध्यान नहीं है। ऐसे में वह उसके साथ नहीं रहना चाहता है। वह तलाक लेकर अपनी जिंदगी नए सिरे से शुरू कर सकती है। उसने कहा कि उसे राजा रघुवंशी की तरह मरना नहीं है, बल्कि उसे अपने परिवार के लिए जीना है। वहीं पत्नी का कहना है कि वह पति के साथ ही रहना चाहती है।

## एक देश, दो कानून...दिग्गी की पोस्ट से एमपी में सियासत गरमाई, मंत्री सारंग ने बताया सनातन विरोधी




**भोपाल, एजेंसी।** पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के सोशल मीडिया पर एक पोस्ट को शेयर करने पर मध्यप्रदेश की सियासत गरमा गई है। उन्होंने कांवड़ यात्रा और नमाज के अलग-अलग दो फोटो पर एक देश में दो कानून?' पर सवाल उठाती एक पोस्ट को शेयर किया गया है। इस टिप्पणी को लेकर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है और कांग्रेस पर तुष्टिकरण का आरोप लगाया है। दिग्विजय सिंह ने अपने फेसबुक अकाउंट पर दो तस्वीरें साझा कीं। एक में कांवड़ यात्रा के दौरान सड़कों पर श्रद्धालु नजर आ रहे हैं, वहीं दूसरी तस्वीर में नमाज पढ़ते हुए लोग दिखाए गए हैं। इस पोस्ट के साथ उन्होंने लिखा, 'एक देश, दो कानून?'। इस सवाल को लेकर विवाद शुरू हो गया है। भाजपा नेता और मंत्री विश्वास सारंग ने इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह का सनातन विरोध किसी से छुपा नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिग्विजय सिंह कांवड़ यात्रा जैसे धार्मिक आयोजनों को विवादास्पद बनाना चाहते हैं। विश्वास सारंग ने कहा कि 'जो व्यक्ति भगवा आतंकवाद जैसे शब्द गढ़ चुका है, सेना के ऑपरेशनों पर सवाल उठा चुका है और जाकिर नायक की तारीफ करता है, उससे और क्या उम्मीद की जा सकती है?' उन्होंने दिग्विजय को 'मौलाना दिग्विजय सिंह' कहकर संबोधित किया और माफी की मांग की।

## रेप का आरोप लगा तो ट्रेन के सामने कूदा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** डबरा में एक युवक ने ट्रेन के सामने कूदकर सुसाइड कर लिया। उस पर कुछ घंटे पहले ही रेप का केस दर्ज हुआ था। गुस्साए परिजन और ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे- 44 के बड़ोंकलां तिराहे पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शन के दौरान हालात बेकाबू हो गए, लोगों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पुलिस ने भीड़ काबू में करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज किया। घटना मंगलवार की है। गोराघाट के ग्राम पचोखरा के रहने वाले 21 साल के आकाश रावत पर दोपहर करीब 2.30 बजे एक युवती ने गोराघाट थाने में रेप का केस दर्ज कराया। पुलिस आकाश को पकड़ने डबरा पहुंची, लेकिन वह फरार हो गया। कुछ ही देर बाद उसने सिमरिया टेकरी के पास ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दी।

## चलती बाइक में लगी आग मां-बेटे ने कूदकर बचाई जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**राजगढ़ (भोपाल), एजेंसी।** खुजनेर रोड स्थित करेड़ी के पास मंगलवार रात एक चलती बाइक में अचानक आग लग गई। बाइक पर सवार मुकेश दांगी और उनकी मां ने तत्परता दिखाते हुए कूदकर अपनी जान बचाई। इसके बाद कुछ ही पलों में बाइक पूरी तरह से जल गई, उसका मलबा सड़क पर ही पड़ा रहा। इस दौरान देर रात रास्ते से गुजर रहे एक दंपती की बाइक उससे टकरा गई, जिससे दोनों घायल हो गए । दोनों का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मंगलवार रात को मुकेश अपनी मां के साथ राजगढ़ के पेट्रोल पंप से पेट्रोल भरवाकर बखेड़ गांव जा रहे थे। करेड़ी के पास पहुंचते ही बाइक से पहले तेज आवाज आई, फिर चिंगारी निकली और देखते ही देखते आग भड़क उठी।

## वॉटरफॉल में शराब पी, 3 दिन बाद वहीं उठक-बैठक लगाई



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी, एजेंसी।** रविवार (13 जुलाई) को झरने के नीचे बैठकर कुछ युवकों ने पहले शराब पार्टी की। इसके बाद स्थानीय लोगों की नाराजगी के बाद वहीं पर आकर उठक-बैठक लगाई और माफी मांगी। युवकों ने शर्मिंदगी जताते हुए दोबारा ऐसा नहीं करने की बात कही। इसके दोनों ही वीडियो सामने आए हैं। मामला भौंती थाना क्षेत्र के चौकी खोड़ के ग्राम बीरा स्थित सिद्ध क्षेत्र केरखो धाम का है। तीन दिन पहले इस पवित्र स्थल के झरने के नीचे शराब पार्टी का एक वीडियो सामने आया था। वीडियो में कुछ युवक झरने के नीचे बैठकर शराब पीते नजर आए। वीडियो में बीरा गांव के रघुवीर पुत्र बिस्सी जाटव, अमित पुत्र मुकेश जाटव, राजकुमार पुत्र लल्लू जाटव सहित अन्य युवक शराब के पैग टकराते दिखाई दिए। वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्रीय लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुईं और उनमें आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने युवकों की इस हरकत पर नाराजगी जताई।

## हरदा विवाद पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का सख्त रुख, प्रशासन से मांगी विस्तृत रिपोर्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। हरदा के करणी सेना के विवाद मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घटना की पूरी जानकारी तलब की है और स्पष्ट किया है कि राज्य में सामाजिक सौहार्द को भंग करने की इजाजत किसी को नहीं दी जाएगी।**



मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया साझा करते हुए लिखा कि 'हरदा छात्रावास प्रकरण का संज्ञान लेते हुए मैंने जिला प्रशासन से विस्तृत जांच रिपोर्ट मंगाई है। सामाजिक न्याय और परस्पर समरसता हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मध्यप्रदेश में सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की अनुमति किसी को नहीं दी जाएगी। घटना की शुरुआत एक कथित ठगी के प्रकरण से हुई थी, जिसमें करणी सेना ने पुलिस पर आरोपी को संरक्षण देने का आरोप लगाया। इसको लेकर संगठन के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को हरदा की सिटी कोतवाली के सामने विरोध प्रदर्शन किया। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस को लाठीचार्ज, आंसू गैस और वाटर कैनन का उपयोग कर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करना पड़ा। इस कार्रवाई में कई कार्यकर्ता घायल हो गए, वहीं करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर सहित 50 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया था। बाद में जीवन सिंह शेरपुर समेत उनके साथियों को कुछ शर्तों के साथ रिहा कर दिया गया।

## सर्प मित्र की सांप के काटने से मौत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना, एजेंसी।** राघौगढ़ क्षेत्र में सर्प मित्र दीपक महावर (42) की सांप के काटने से मौत हो गई। दीपक पिछले कई वर्षों से सांप पकड़ने का काम करते थे और जेपी कॉलेज में इसी जिम्मेदारी पर तैनात थे। दीपक को सोमवार दोपहर बरबटपुरा गांव सांप पकड़ने के लिए बुलाया गया था। उन्होंने सांप को पकड़ लिया, लेकिन तभी स्कूल से फोन आया कि उनके 13 वर्षीय बेटे की छुट्टी हो गई है। जल्दबाजी में दीपक ने सांप को अपने गले में लटकाया और बाइक से स्कूल पहुंच गए। स्कूल से बेटे को साथ लेकर जब वे घर लौट रहे थे, तब रास्ते में गले में लटके सांप ने उनके हाथ में काट लिया। सांप काटते ही दीपक ने अपने एक साथी को बुलाया और उन्हें राघौगढ़ अस्पताल ले जाया गया। वहां से गुना रेफर किया गया, जहां इलाज के बाद राहत मिली और वे शाम को घर लौट आए। हालांकि, रात 12 बजे के करीब उनकी तबीयत दोबारा बिगड़ गई। परिजन उन्हें फिर गुना जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों के इलाज शुरू करने से पहले ही दीपक की मौत हो गई। मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## सरकारी अस्पताल में बताया मृत, प्राइवेट हॉस्पिटल में जन्मा बच्चा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सतना, एजेंसी। सरकारी अस्पताल में डॉक्टर ने गर्भस्थ शिशु को मृत बता दिया। महिला और उसके पति को बेबी टर्मिनेट कराने की सलाह दे डाली। लेकिन परिवार नहीं माना। प्राइवेट क्लिनिक से सोनोग्राफी कराई। इसमें बच्चा पूरी तरह स्वस्थ दिखा। परिजन महिला को लेकर निजी अस्पताल पहुंचे। यहां डिलीवरी के बाद स्वस्थ बच्चा जन्मा। मामला सरदार वल्लभ भाई पटेल शासकीय जिला अस्पताल का है।**

रामपुर बघेलान में चकेरा गांव निवासी दुर्गा द्विवेदी (24) को सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात 2 बजे अमरपाटन सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। आशा कार्यकर्ता शीला तिवारी भी उनके साथ थी। प्रसव पीड़ा बढ़ने के कारण यहां से सुबह 4 बजे उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में मंगलवार सुबह 9 बजे सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर ने डॉपलर से जांच की। बताया कि शिशु की धड़कन नहीं मिल रही है। सोनोग्राफी में भी नकारात्मक परिणाम आने पर डॉक्टर ने दवा से गर्भपात की सलाह दी।

## संपादकीय

### बिहार में 125 यूनिट बिजली मुफ्त

'हम लोग शुरू से ही सस्ती दरों पर सभी को बिजली उपलब्ध करा रहे हैं। अब हमने तय कर दिया है कि 1 अगस्त, 2025 से यानी जुलाई माह के बिल से ही राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली का कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा। इससे राज्य के कुल 1 करोड़ 67 लाख परिवारों को लाभ होगा। हमने यह भी तय किया है कि अगले तीन वर्षों में इन सभी घरेलू उपभोक्ताओं से सहमति लेकर उनके घर की छतों पर अथवा नजदीकी सार्वजनिक स्थल पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर लाभ दिया जाएगा।' जी हां, उपरोक्त ऐलान बिहार की डबल इंजन सरकार का है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने साफ कर दिया है कि सरकार अब 125 यूनिट बिजली मुफ्त प्रदान करेगी। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव 200 यूनिट देने की प्लानिंग करते रह गए और नीतीश कुमार ने बाजी मार ली। एक्स पर पोस्ट करते हुए नीतीश कुमार ने आगे लिखा कि कुटीर ज्योति योजना के तहत जो अत्यंत निर्धन परिवार होंगे उनके लिए सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने हेतु पूरा खर्च राज्य सरकार करेगी तथा शेष के लिए भी सरकार उचित सहयोग करेगी। इससे घरेलू उपभोक्ताओं को अब बिजली का 125 यूनिट तक कोई खर्च नहीं लगेगा, साथ ही साथ राज्य में अगले तीन वर्षों में एक अनुमान के अनुसार 10 हजार मेगावाट तक सौर ऊर्जा उपलब्ध हो जाएगी। एनडीए सरकार के इस ताजा ऐलान से चुनाव से पहले जनता की मौज हो गई है। कुछ ऐसा ही बुजुर्गों और विधवा पेंशन के मामले में भी सरकार ने किया। तेजस्वी यादव माई बहिन सम्मान योजना के तहत 2500 रुपये देने की प्लानिंग करते रहे। तब तक बिहार सरकार ने पेंशन की राशि को 400 से 1100 रुपये करके बाजी मार ली। जानकारों की मानें, तो इससे लोगों को प्रति महीने लगभग एक हजार रुपये की बचत होगी। कभी नई दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के फ्रीबीज मॉडल को नीतीश कुमार सहित एनडीए के सभी बड़े नेता आलोचना की दृष्टि से देखते थे। खासकर बिहार में नीतीश कुमार ऐलान करते थे कि फ्री में बिजली देना संभव नहीं है। अब इसे चुनावी रणनीति कहें या फिर केजरीवाल मॉडल को सीधे- सीधे अपनाना। बिहार के लोगों को मुफ्त में बिजली मिलेगी। आगामी चुनाव में बिहार सरकार को इससे कितना फायदा होगा, ये बाद की बात है लेकिन उसके पहले ही विपक्ष को डबल इंजन की सरकार ने अपने हिसाब से सियासी जवाब दे दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार फ्री बिजली के अलावा भी कई ऐसी योजनाएं चला रहे हैं, जो सीधे- सीधे आम लोगों को प्रभावित करती है।

**अर्ज किया है..!**

*दुश्मनी जम कर करो*
*लेकिन ये गुंजाइश रहे*
*जब कभी हम दोस्त हो जाएँ*
*तो शर्मिंदा न हों*

-बशीर बद्र

isha



**अगर भरोसे के बारे में आपकी धारणा यह है कि दूसरे लोग वैसे ही व्यवहार करें जैसे आप अपेक्षा करते हैं, तो यह भरोसा नहीं चालाकी है।**

– जग्गी वासुदेव

## धर्म-कर्म

# सावन में बेलपत्र घर की इस दिशा में लगाएं, महादेव होंगे प्रसन्न

## धन-दौलत से भर जाएगी तिजोरी

सावन का महीना शुरू हो चुका है, जो भगवान शिव को बहुत प्रिय होता है। इसी माह में कांवड़ यात्रा भी निकलती है, सावन शिवरात्रि के दौरान इसका समापन होता है। ऐसे में सावन के इस पूरे महीने में शिवजी के भक्त पूरी श्रद्धा से पूजा-पाठ और व्रत करते हैं। वहीं, इस दौरान शिवजी को बेलपत्र अर्पित करने का भी खास महत्व बताया गया है। कहा जाता है कि बेलपत्र भगवान शिव और माता लक्ष्मी से संबंधित होता है। पौराणिक कथाओं में बताया गया है कि बेलपत्र भगवान शिव को बेहद प्रिय है। ऐसे में वास्तु के अनुसार अगर आप घर की सही दिशा में इस पेड़ को लगा लें, तो इससे जीवन के दुखों से निजात मिल सकती है। साथ ही, भोले बाबा की विशेष कृपा जातक पर बनी रहती है और धन लाभ के योग बनते हैं। ऐसे में आइए विस्तार से जानें सावन में बेलपत्र लगाने की सही दिशा, नियम और लाभ के बारे में...



### ◆ बेलपत्र का पेड़ किस दिशा में लगाएं

वास्तुशास्त्र के अनुसार, घर में बेलपत्र का पेड़ सही दिशा में लगाना बहुत जरूरी होता है। इसे गलत स्थान या दिशा में रखने से जातक को शुभ की जगह अशुभ फल की प्राप्ति हो सकती है। माना जाता है कि बेलपत्र को घर में हमेशा उत्तर-पूर्व दिशा यानी ईशान कोण में लगाना चाहिए। इसके अलावा, आप उत्तर या पूर्व दिशा में भी इस पेड़ को रख सकते हैं। ऐसा करने से घर का वातावरण सकारात्मक होता है और जीवन की कई समस्याओं से भी जातक को निजात मिल सकती है। घर की इस दिशा को सबसे शुभ माना गया है। ऐसे में कभी भी बेलपत्र लगाते समय इस दिशा का ख्याल जरूर रखें।

### ◆ बेलपत्र का पेड़ घर में किस दिन लगाएं

सावन के महीने में बेलपत्र का पेड़ घर में किसी भी दिन लगाया जा सकता है। लेकिन इस माह में सोमवार के दिन बेलपत्र को घर लाना सबसे उत्तम माना गया है। हिंदू धर्म में सोमवार का दिन भगवान शिव को समर्पित माना गया है। ऐसे में अगर आप इस खास दिन बेलपत्र का पेड़ घर में लगाते हैं, तो इससे शिवजी बेहद प्रसन्न होते हैं और जातक पर उनकी विशेष कृपा बनी रहती है। साथ ही, प्रत्येक सोमवार बेलपत्र को शिवजी की पूजा में भी जरूर शामिल करना चाहिए।

### ◆ बेलपत्र घर में लगाने के जरूरी वास्तु नियम

1. वास्तु के अनुसार, बेलपत्र का पेड़ कभी भी घर की दक्षिण-पश्चिम दिशा यानी नैऋत्य कोण में नहीं लगाना चाहिए।
2. रसोई घर, टॉयलेट, बाथरूम और घर के मध्य स्थान पर भी बेलपत्र के पेड़ को लगाना वर्जित माना गया है।
3. बेलपत्र के पौधे को साफ स्थान पर रखना चाहिए और वहां की नियमित साफ-सफाई करनी चाहिए। गंदगी वाली जगह पर इस शुभ पेड़ को भूलकर भी नहीं रखना चाहिए।
4. वास्तु के अनुसार घर में कभी भी ऐसा बेलपत्र का पेड़ नहीं रखना चाहिए जिसके पत्ते पूरी तरह सूख गए हों। इस प्रकार का पेड़ घर में नकारात्मकता लाता है।
5. माना जाता है कि सावन के महीने में बेलपत्र के पेड़ की नियमित रूप से पूजा करना बहुत फलदायी होता है। इससे जीवन में तरक्की हासिल होती है।

### ◆ बेलपत्र का पेड़ सही दिशा में लगाने के लाभ

वास्तु के अनुसार अगर आप सही दिशा में बेलपत्र का पेड़ लगाते हैं, तो इससे बेहद शुभ फल की प्राप्ति होती है। इसे विशेष रूप से सावन में लगाना बहुत फलदायी माना गया है। क्योंकि सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित होता है और यह पेड़ शिवजी को बेहद प्रिय है। ऐसे में अगर आप इस पवित्र माह में बेलपत्र को घर में लगा लें, तो इससे परिवार के सदस्यों पर शिवजी की कृपा बनी रहती है। साथ ही, हर सोमवार बेलपत्र शिवलिंग पर भी चढ़ाएं। ऐसा करने से जातक को पापों से मुक्ति मिल सकती है और जीवन में खुशहाली आने लगती है। माना जाता है कि घर में बेलपत्र का पेड़ लगाने से वास्तु दोष दूर होता है और घर में सकारात्मकता आने लगती है। घर में इसके हरा-भरा होने से शिवजी प्रसन्न होते हैं और उनकी कृपा से जातक को कभी भी धन की कमी नहीं होती है। इससे तिजोरी हमेशा धन-दौलत से भरी रह सकती है।

New Delhi

# भारत अब खुद बनाएगा AWACS, 'आसमानी आंख' से दुश्मनों पर कड़ी नजर... देश के एयर डिफेंस को लेकर बड़ा फैसला

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने एक बड़े प्रोजेक्ट को हरी झंडी दिखा दी है। इस प्रोजेक्ट के तहत भारत अगली पीढ़ी के ' एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम ' यानी AWACS बनाएगा। इससे भारतीय वायुसेना की ताकत बहुत बढ़ जाएगी। साथ ही, भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल हो जाएगा जिनके पास ऐसी तकनीक है। यह प्रोजेक्ट लगभग 20,000 करोड़ रुपये का है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) इस प्रोजेक्ट को पूरा करेगा। इसके तहत भारतीय वायुसेना को छह बड़े AWACS मिलेंगे।

भारत अब स्वदेशी AWACS बनाएगा। इससे भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल हो जाएगा जिनके पास यह



तकनीक है। ये सिस्टम दुश्मन के विमानों और अन्य उपकरणों पर दूर से ही नजर रख सकेगा। यह एक उड़ता हुआ कंट्रोल सेंटर जैसा होगा। सरकार की मंजूरी के बाद, DRDO भारतीय कंपनियों और एयरबस के साथ मिलकर काम करेगा। वे A321 विमान पर एक खास एंटीना और अन्य सिस्टम लगाएंगे।

IAF के पास पहले से ही एयर इंडिया से लिए गए छह A321 विमान हैं। इन विमानों में बदलाव किए जाएंगे। इनके ऊपर एक 'डॉर्सल फिन' लगाया जाएगा। इससे रडार चारों तरफ देख सकेगा। इस प्रोजेक्ट को पूरा होने में लगभग तीन साल लगेंगे। इससे भारतीय कंपनियों को जटिल सिस्टम पर काम करने का अनुभव मिलेगा। इसमें पूरी तरह से स्वदेशी मिशन कंट्रोल सिस्टम और AESA रडार होंगे।

Uttarpradesh

# छांगुर के धर्मांतरण रैकेट की पड़ताल में ED भी जुटी, UP से मुंबई तक 14 ठिकानों पर रेड



**लखनऊ, (एजेंसी)** यूपी के अवैध धर्मांतरण के आरोपी जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा के ठिकानों पर गुरुवार तड़के ईडी ने बड़ी कार्रवाई की। सात टीमों ने बलरामपुर जिले के उतरोला और मुंबई में दो स्थानों पर छापा मारा। इस दौरान उसकी कोठी दो अन्य मकान का कोना कोना खंगाला। टीम दोपहर में तहसील भी जाएगी और कई कर्मचारियों से पूछताछ करेगी। एटीएस ने पांच जुलाई को छागुर और उसकी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन को गिरफ्तार किया था। एक साल में 100 करोड़ के लेनदेन की बात सामने आई थी।

इस पर तीन दिन बाद ईडी ने दोनों आरोपितों के खिलाफ मुक़दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। बलरामपुर पुलिस और प्रशासन के साथ एटीएस से काफ़ी ब्योरा ईडी ने लिया था। कई तथ्य और दस्तावेज मिलने के बाद ईडी ने ये छापेमारी की है। ईडी की ये कार्रवाई अन्य जिलो में भी होगी। सूत्रो के मुताबिक ईडी उतरौला तहसील के कुछ कर्मचारियों के ख़िलाफ़ भी बड़ी कार्रवाई कर सकती है।

वहीं धर्मांतरण के आरोपी छांगुर से जुड़े प्रकरण में एक युवक की तलाश में एटीएस गोण्डा पहुंच गई। यहां पता चला कि इस युवक की मौत हो चुकी है। उसके बारे में कई जानकारियां जुटाई। इन लोगों ने बताया कि गोण्डा में धर्मांतरण कराने के दौरान बजरंग दल के कुछ लोगों ने विवाद कर दिया था तब वह जेल गया था।

Bihar

# पटना के पारस अस्पताल में फायरिंग, बेऊर जेल से पैरोल पर लाए कैदी को गोली मारकर फरार हुए हमलावर

**पटना, (एजेंसी)** राजधानी पटना के राजाबाजार स्थित पारस हॉस्पिटल में उस वक्त अफरातफरी मच गई जब इलाज के दौरान एक कैदी को चार अपराधियों ने गोली मार दी. गोली लगने वाला शख्स चंदन मिश्रा है, जो बेऊर जेल से पैरोल पर बाहर आया था. वह इलाज के लिए पारस हॉस्पिटल में भर्ती था. जानकारी के अनुसार, चंदन मिश्रा मूल रूप से बक्सर का निवासी है और उस पर बक्सर जिले में केसरी नामक व्यक्ति की हत्या का आरोप है. वह इस मामले में जेल में बंद था, लेकिन इलाज के लिए उसे कोर्ट से पैरोल मिली थी. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी गई है. घायल चंदन मिश्रा का फिलहाल अस्पताल में इलाज चल रहा है.



New Delhi

# चोरों को पकड़ा तो खुला 3 महीने पुराने कत्ल का राज... दिल्ली के अलीपुर में मिला कंकाल

**नई दिल्ली, (एजेंसी) दिल्ली की अलीपुर थाना पुलिस के हाथ बड़ी कामयाबी लगी है. पुलिस ने 3 महीने पुराने हत्या के एक मामले को सुलझाया है. यहां आरोपियों के पास से मिले एक मोबाइल ने पूरे मामले की गुत्थी खोलकर रख दी. उनकी निशानदेही पर रात के अंधेरे में पुलिस की टीम ने फावड़ा और कुदाल से जमीन खोदी. करीब 5 फीट अंदर खुदाई के बाद पुलिस टीम ने जो कुछ देखा. उससे सभी को होश उड़ गए. यहां एक युवक का कंकाल था जिसकी 3 महीने पहले 3 लुटेरों ने हत्या कर दी थी और यहां दफनाया दिया था.**

ये मामला दिल्ली के अलीपुर थाना पुलिस का है.लेकिन सवाल है कि पुलिस इस शव तक कैसे पहुंची. ये आपको विस्तार से बताते हैं. दरअसल, अलीपुर थाना पुलिस को बख्तावरपुर से एक बाइक चोरी होने की खबर मिली थी. इसी मामले में पुलिस इलाके के सीसीटीवी खंगाल रही थी.सीसीटीवी की मदद से एक शख्स को बाइक चुराते हुए पकड़ा गया. पुलिस ने उसे धर दबोचा. पूछताछ में बाइक चोरी में 2 और लोगों का नामों का खुलासा हुआ. इन्हें भी पुलिस टीम ने पकड़ा तो इनके पास से पुलिस को एक फोन मिला, जो इनका नहीं बल्कि चोरी का था. जब पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो पूरी टीम के होश उड़ गए. पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने बताया कि 3 महीने पहले वो यमुना किनारे बैठकर शराब पी रहे थे. इसी दौरान एक व्यक्ति के साथ उन्होंने लूटपाट की और उसकी गला दबाकर हत्या कर दी. शव को करीब 5 फीट गहरा गड्ढा खोदकर यहीं दफना दिया.

खेल

# रूट टेस्ट रैंकिंग में फिर नंबर एक बल्लेबाज बने, यशस्वी-पंत और गिल को नुकसान, बुमराह शीर्ष पर

**दुबई, (एजेंसी)** इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट एक बार फिर से नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज बन गए हैं। आईसीसी को बुधवार को जारी ताजा रैंकिंग में रूट ने एक सप्ताह के अंदर ही दोबारा शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। दूसरी ओर, भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा भी बल्लेबाजों की नवीनतम रैंकिंग में 34वें स्थान पर पहुंच गए हैं। रूट को भारत के खिलाफ लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन का फायदा हुआ है।



रूट ने लॉर्ड्स टेस्ट मैच में 104 और 40 रन बनाए थे जिससे इंग्लैंड 22 रन से यह मुकाबला जीतने में सफल रही थी। 34 साल की उम्र में रूट 2014 में कुमार संगकारा के बाद टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष बल्लेबाज बनने वाले उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। संगकारा जब 2014 में शीर्ष टेस्ट बल्लेबाज बने थे तो उनकी उम्र 37 साल की थी। रूट ने पिछले सप्ताह अपना शीर्ष स्थान हमवतन हैरी ब्रूक के हाथों गंवा दिया था जो अब तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं।

भारतीय बल्लेबाजों में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और उपकप्तान ऋषभ पंत को नुकसान हुआ है और वे क्रमशः पांचवें और आठवें स्थान पर खिसक गए हैं। वहीं, कप्तान शुभमन गिल भी तीन स्थान के नुकसान से नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। हालांकि, जडेजा को लॉर्ड्स टेस्ट में अच्छी बल्लेबाजी का फायदा हुआ है और वह 34वें स्थान पर आ गए हैं। जडेजा ने तीसरे टेस्ट में 72 और नाबाद 61 रन बनाए थे। केएल राहुल जिन्होंने 100 और 39 रन बनाए थे वह भी पांच स्थान के सुधार के साथ 35वें स्थान पर आ गए हैं। बल्ले और गेंद से अच्छा प्रदर्शन करने वाले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स बल्लेबाजों की रैंकिंग में दो स्थान के सुधार से 42वें और गेंदबाजों में एक स्थान के फायदे से 45वें नंबर पर पहुंच गए हैं। गेंदबाजों में भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह शीर्ष पर बने हुए हैं और उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के कगिसो रबाडा पर 50 अंक की बढ़त बनाई हुई है। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड छह स्थान के सुधार से करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। बोलैंड ऑस्ट्रेलिया के अन्य चार गेंदबाज पैट कमिंस, जोश हेजलवुड, नाथन लियोन और मिचेल स्टार्क के साथ शीर्ष 10 में आ गए हैं। गेंदबाजों की रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का दबदबा है। 1958 में इंग्लैंड के छह गेंदबाज शीर्ष 12 में शामिल थे और तब से अब तक ऐसा दबदबा देखने नहीं मिला था। भारतीय ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर 58वें से 46वें स्थान पर आ गए हैं।

सिनेमा

# सलमान खान ने 5.35 करोड़ में बेची प्रॉपर्टी, साथ में दीं 3 पार्किंग



फैन्स के चहेते भाईजान सलमान खान की आजकल चांदी ही चांदी हो रही है. अगस्त से 'बिग बॉस 19' शुरू होने जा रहा है, जिसे सलमान होस्ट करते दिखाई देंगे. इसके लिए वो काफी मोटी फीस वसूल रहे हैं. दूसरा ये कि सलमान ने खुद का एक घर बेचा है, वो भी 5.35 करोड़ में. भाईजान ने जो घर बेचा है वो मुंबई के बांद्रा वेस्ट स्थित है. squareyards.com ने जो प्रॉपर्टी के रजिस्ट्रेशन डॉक्यूमेंट्स रीव्यू किए हैं, उसके मुताबिक, सलमान ने ये घर 5.35 करोड़ में बेचा है. बांद्रा, मुंबई का काफी पॉश एरिया है. यहां हाई लेवल रियल स्टेट मार्केट्स स्थित हैं. रहने और कमर्शियल यूज के लिए प्रॉपर्टीज के रेट काफी हाई हैं. यहां अपार्टमेंट्स के साथ बंगले, बुटीक कमर्शियल डेवलपमेंट भी हैं, इनवेस्टर्स की नजर इस एरिया पर काफी ज्यादा रहती है. बांद्रा, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, बांद्रा रेलवे स्टेशन और आने वाली मेट्रो लाइन से भी जुड़ा हुआ है. यहां से बांद्रा कुरला कॉम्प्लेक्स, लोअर परेल और छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट भी काफी पास में है. आईजीआर (इंस्पेक्टर जनरल ऑफ रजिस्ट्रेशन) से मिले रजिस्ट्रेशन डॉक्यूमेंट्स के मुताबिक, जो अपार्टमेंट सलमान खान ने बेचा है, वो शिव आस्था हाइट्स में स्थित था. ये 122.45 स्क्वायर मीटर में बना था. इस डील में 3 कार पार्किंग भी थीं जो अपार्टमेंट के साथ खरीदने वाले को मिली है. इस अपार्टमेंट पर 32.01 लाख की स्टैम्प ड्यूटी लगी है.

## Highlights

1. Protest erupts outside Odisha Assembly after student dies by self-immolation

2. Pak used unarmed drones & loitering munitions: CDS Anil Chauhan

3. Lokmanya Tilak's great-grandson and Kesari editor passes away

4. New NCERT Class 8 book flags 'brutality' of Delhi Sultanate, 'intolerance' of Mughals

# Vivo X Fold5 review: This foldable skipped a number, not a beat

**NEW DEIHI, (Agency).** There is a whiff of the familiar in the new. I'll get to the specifics of the specifications in a bit, with an important matter to tackle first — where is Vivo's fourth generation foldable Android phone? As things stand, the Vivo X Fold 3 Pro is being succeeded by the X Fold 5. And the 'Pro' moniker is gone too. Could the numbering scheme be due to how some Asian cultures approach the number 4? Perhaps. However, as for the naming, Vivo insists they've put all that you'd expect in a Pro phone, in one without that as part of the name. Has the methodology succeeded?

It may be easier said than done, but Vivo has refined the balance of the X Fold5 for it to be seen delivering value. The job may have been made slightly easier by the pricing chosen by Samsung for the Galaxy Z Fold7 that starts ₹1,74,999 (that's around ₹10,000 generational inflation). Vivo has one variant on sale here, that is 16GB memory and 512GB storage, with a price tag of ₹149,999 before some



offers can be leveraged. The Google Pixel 9 Pro Fold, from around this time last year, currently retails on Flipkart for around ₹1,29,999 while a now couple of generations ageing OnePlus Open is still holding value around around ₹1,49,000 in today's prices.

There is definitive refinement in terms of the design and in-hand feel. Generationally, the Vivo X Fold5 is lighter (217 grams instead of 236 grams) and thinner (4.3mm unfolded and 9.2mm folded, as against 5.2mm and 11.2mm). Those grams and millimetres shaved off may not seem much on paper, but as someone who's used both generations of Vivo's foldable extensively, I can say with certainty that ergonomics, pocket-ability, and overall usability have registered a significant uptick. Unlike Samsung, which had to tweak things to make the cover display wider and therefore more usable, Vivo had the luxury of getting it right the last time of asking. Therefore, the 8.03-inch foldable screen and the 6.53-inch cover display, continue.

It is, despite their arguments of trying to continue with what didn't need changing, perplexing that Vivo has chosen to continue with Qualcomm's Snapdragon 8 Gen 3 chip. Undoubtedly, performance isn't a problem but the more discerning buyer may frown.

# US asks India to cut duty on agri imports by 35%

**NEW DEIHI, (Agency).** NEW DELHI: The US asked New Delhi to slash average applied tariffs on American agriculture imports to 5% from the existing level of about 40%, with this likely to be one of the key issues of the four-day long trade deliberations set to start in Washington on Monday, people in the know said.

The US wants parity in the average applied tariff for a mutually beneficial and long-lasting bilateral trade relationship, the people added, requesting anonymity . But accepting the US demand is difficult for New Delhi because Indian farmers, operating at the subsistence level, cannot withstand an unequal competition with American commercial farms, they said.

"While a bilateral trade deal



should be based on reciprocity, it must also be based on the principle of equity for mutual gains and endurance," one person said. Washington officially maintains that India's average applied tariff rate on agricultural products is as high as 39% while its average applied rate on such items is only 5%.

Agriculture remains one of the most crucial sticking points between the India-US initial deal, which was expected to be concluded before the July 9 deadline, the initial date to trigger country-specific 16% punitive levy on Indian goods in addition to a 10% baseline tariff already imposed on several countries, including India from April 5. The July 9 deadline is, however, shifted to August 1 with the Trump administration specifying country-specific duties to over two-dozen countries (ranging from 25% to 50%), but sparing India so far.

# आबकारी विभाग ने 311 लीटर शराब 1900 किलो महुआ जब्त किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जिले में अवैध शराब और नशीले पदार्थों की बिक्री, परिवहन और भंडारण के खिलाफ आबकारी विभाग ने सख्त कार्रवाई की है। पिछले एक सप्ताह में विभाग ने 75 मामले दर्ज किए हैं।**

कार्रवाई के दौरान 311 लीटर देशी और विदेशी शराब, एक मोटरसाइकिल और करीब 1900 किलो महुआ लाहन जब्त किया गया है। जब्त की गई सामग्री की कुल कीमत लगभग 3.5 लाख रुपए बताई जा रही है। आबकारी विभाग की टीम ने इंदौर के अलग-अलग इलाकों और ढाबों पर छापे मारे। इनमें निरंजनपुर, बजरंग नगर, कंकड़ मराठा ढाबा, राऊ बायपास के बल्ले-बल्ले ढाबा, राजा ढाबा, निहारिका ढाबा (हातोद), रंगवासा, बिजलपुर, अपना पंजाबी ढाबा, वीर द महफिल, आशियाना ढाबा (परदेशीपुरा), माणिक बाग, सोलसिंदा, अजनोद, मानपुर और तिल्लौर खुर्द जैसे इलाके शामिल हैं। इस कार्रवाई के तहत आबकारी अधिनियम के तहत 50 से ज्यादा लोगों के खिलाफ केस दर्ज किए गए हैं। इनमें विनायक, रामस्वरूप, सिद्धांत, सागर, कमल, राजेश, सुशील, गोविंद, प्रेमचंद, अजय, लीलाबाई, गुरमीत, जसविंदर, फूलसिंह, नीतीश, रवि, मोंटी जैसे नाम शामिल हैं। इस कार्रवाई का नेतृत्व जिला उड़नदस्ता प्रभारी देवेश चतुर्वेदी और कंट्रोल रूम प्रभारी मनोज अग्रवाल ने किया। आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त अभिषेक तिवारी ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा।



# महाकाल के दर्शन कर लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत


**इंदौर**। उज्जैन से महाकाल के दर्शन कर लौट रहे एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। युवक की बाइक को कंटेनर ने टक्कर मार दी। इससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना इंदौर के धरावरा धाम के समीप हुई। हादसे में बनोदा गांव के निवासी सचिन मालवीय की मौत हुई है। वह ढाबा संचालित करता था। रात को वह अपने कुक चेतन के साथ बाइक पर सवार होकर महाकाल के दर्शन करने गया था। चेतन राजस्थान का निवासी है। हादसे में वह भी गंभीर रुप से घायल हुआ है। दोनों मंगलवार को उज्जैन गए थे। वहां से वे लौट रहे थे। तभी धरावरा धाम के समीप एक कंटेनर ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। सचिन की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि सड़क के दूसरी तरफ गिरने से चेतन कंटेनर के पहिए के नीचे आने से बच गया, लेकिन गिरने के कारण उसे गंभीर चोटें आई हैं। उसके कंधे और पैर में चोट लगी है।

# रील बनाकर सोई 16 साल की लावण्या, फिर कभी नहीं उठी, हार्ट अटैक से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। परदेशीपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुलकर्णी का भट्टा निवासी 16 वर्षीय लावण्या जैन की रहस्यमय हालात में मौत हो गई। इस मामले ने लोगों को चौंका दिया है, क्योंकि मृतका की उम्र महज 16 वर्ष थी। जानकारी के अनुसार लावण्या ने सोशल मीडिया के लिए एक रील बनाई और फिर सो गई। जब काफी देर तक नहीं उठी तो परिजनों ने उसे जगाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं उठी।

परिजन उसे तत्काल पास के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। युवती की अचानक मौत को लेकर परिवार को संदेह है कि उसे दिल का दौरा (हार्ट अटैक) आया था। पुलिस को इस संबंध में सूचना दी गई और मर्ग कायम कर जांच प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। हाल के दिनों में हार्ट अटैक से युवाओं की मौत के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं, जो चिकित्सा विशेषज्ञों और आमजन के लिए चिंता का विषय बन गया है। 16 वर्षीय लावण्या की मौत भी इसी संदर्भ में देखी जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है और अब पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जिससे मौत के वास्तविक कारण का पता चल सके। फिलहाल इस घटना ने इलाके में शोक और हैरानी का माहौल बना दिया है। हार्ट स्पेशलिस्ट डाक्टर सगीर अहमद का कहना है कि युवा वर्ग को स्वास्थ्य और मानसिक तनाव के प्रति सतर्क रहना चाहिए, ताकि ऐसी दुःखद घटनाओं से बचा जा सके। हालांकि इतनी कम उम्र में हार्ट अटैक होना दुर्लभ माना जाता है, फिर भी इस प्रकार की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे युवाओं की जीवनशैली और स्वास्थ्य पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक